22 स्टार्टअप्स को मिली अनुदान सहायता

जयपुर. आरकेवीवाई रफ्तार स्कीम के तहत राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान (नियाम) जयपुर में इन्क्यूबेशन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नियाम एग्री बिजनेस इनक्यूबेटर (नाबी) को कृषि मंत्रालय से 1 वर्ष में 4 बैच सम्पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया था, जिसे टीम नाबी ने नियाम के महानिदेशक डॉ. पी चंद्र शेकरा और नियाम के डायरेक्टर डॉ. रमेश मित्तल के नेतृत्व में पूर्ण कर लिया है। इस सत्र में नाबी ने 60 स्टार्टअप्स को प्रशिक्षण दिया, जिसमें से 45 स्टार्टअप को फंडिंग के लिए चुना गया है। इन 45 में से 22 स्टार्टअप को 2.55 करोड़ की अनुदान सहायता मिल चुकी है।